महत्वपूर्ण एवं खास

युवती से छेड़खानी, मामला दर्ज

रायपुर, (आरएनएस)। ग्राम मुजगहन में युवती से छेड़खानी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर मुजगहन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मुजगहन निवासी 19 वर्षीय प्रार्थिया 16 अप्रैल के दोपहर पैदल कहीं जा रही थी तभी ग्राम सिवनी निवासी आरोपी भानु जांगड़े पिता प्यारेलाल ने प्रार्थिया को बेईज्जत करने के नियत से हाथ बांह पकड़ा। प्रार्थिया की शिकायत पर मुजगहन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

5 सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ कोषालयीन शासकीय कर्मचारी संघ ने दिया धरना

रायपुर, (आरएनएस)। 5 सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ कोषालयीन शासकीय कर्मचारी संघ ने पूर्व घोषित तिथि के अनुसार आज सामूहिक अवकाश पर रहकर काम-काज बंद किया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र सिंह ठाकुर एवं महामंत्री दीपक देवांगन ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि हड़ताल एवं प्रदर्शन ईदगाह भाठा मैदान में प्रदेश भर से आए कोषालयीन कर्मियों ने किया। समाचार लिखे जाने तक धरना जारी था। अध्यक्ष एवं महामंत्री ने बताया कि एक दिवसीय धरने के प्रश्चात कलेक्टर रायपुर को संचालक कोष लेखा एवं पेंशन के नाम ज्ञापन सौंपकर मांगें तत्काल पूर्ण करने का आग्रह किया जायेगा।

परफ्यूम दुकान से 3 लाख का सामान पार

रायपुर, (आरएनएस)। जयराम कॉम्पलेक्स स्थित परफ्यूम दुकान के पीछे की खिड़की तोड़कर अज्ञात चोर ने 290 नग परफ्यूम सहित 34 नग चश्मा पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मौदहापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दीपक बजाज पिता सुंदरलाल बजाज 32 वर्ष आनंद विहार तेलीबांधा का रहने वाला है। प्रार्थी जयराम कॉम्पलेक्स के शॉप नंबर 206 में चश्मा एवं परफ्यूम का दुकान चलाता है। बताया जाता है कि 16 अप्रैल की रात अज्ञात चोर ने प्रार्थी के दुकान में लगे पीछे का खिड़की तोड़कर अंदर प्रवेश किया और दुकान में रखे टाईटन कंपनी का 290 नग परफ्यूम व टाईटन कंपनी के 35 नग चश्मा पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 3 लाख रूपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर मौदहापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

गुरूद्वारा के पास खड़ी मोटरसायकल पार

रायपुर,(आरएनएस)। टाटीबंध स्थित गुरूद्वारा के पास खड़ी पल्सर मोटरसायकल को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संजय साहू पिता भरतराम साहू 30 वर्ष टाटीबंद का रहने वाला है। बताया जाता है कि कल दोपहर प्रार्थी अपनी पल्सर मोटरसायकल क्रमांक सीजी 06 डी 3475 को टाटीबंध स्थित गुरूद्वारा के पास खड़ी किया था तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए मोटरसायकल की कीमत करीब 20 हजार रूपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

मोटरसायकल की टक्कर से मासूम घायल

रायपुर, (आरएनएस)। रामकुंड के पास मोटरसायकल की टक्कर से मासूम बालक घायल हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी गणेश निषाद पिता श्रवण निषाद 27 वर्ष रामकुंड का रहने वाला है। बताया जाता है कि 16 अप्रैल की शाम करीब 4 बजे प्रार्थी का 3 वर्षीय पुत्र योगेश निषाद घर के बाहर खेल रहा था तभी बुलेट मोटरसायकल क्रमांक सीजी 04-8281 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बच्चे को टक्कर मार दिया। जिससे बच्चे को चोट आई है। प्रार्थी की शिकायत पर मोटरसायकल चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

युवक पर ब्लेड से हमला

रायपुर, (आरएनएस)। अछोली बाजार के पास युवक पर ब्लेड से हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर उरला पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अमित पटेल पिता अखिलेश पटेल 21 वर्ष ग्राम अछोली का रहने वाला है। बताया जाता है कि कल शाम प्रार्थी अछोली बाजार चौक के पास खड़ा था तभी आरोपी भुरू यादव प्रार्थी के पास आया और मोबाईल फोन मांगा।

खेलगांव की तर्ज पर कोरबा में बनेगा स्पोर्टस ट्रांजिट हास्टल

कोरबा (आरएनएस)। जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित जिला खेल संघों के प्रतिनिधियों की बैठक में खिलाड़ियों के लिए खेलगांव की तर्ज पर स्पोर्टस ट्रांजिट हास्टल बनाने की सैद्धांतिक सहमति हुई। कलेक्टर मो.कैसर अब्दुल हक ने इसके लिए विस्तृत कार्य योजना बनाने के निर्देश जिला खेल अधिकारी को दिए। इस हास्टल के लिए प्रियदर्शिनी इंदिरा खेल स्टेडियम के आस-पास जमीन तलाशी जायेगी।

शाह चुके,येदियुरप्पा ने बसवेश्वर भगवान की मूर्ति पर माला पहनाई!

कर्नाटक विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आती जा रही है. इसी बीच आज लिंगायत समुदाय के दार्शनिक बसवेश्वर भगवान की जयंती है। इस मौके पर नेता वोटरों को साधने में जुटे हैं। बुधवार को बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह कर्नाटक में थे और बसवेश्वर भगवान की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। लेकिन इस दौरान कुछ ऐसा हुआ जिसकी शाह ने उम्मीद नहीं की थी। दरअसल, बंगलुरु में भगवान बसवेश्वर की मूर्ति जहां शाह माला चढ़ाने पहुंचे वह काफी ऊंची थी। अमित शाह और बीएस येदियुरप्पा को क्रेन के जरिए मूर्ति के पास तक पहुंचाया गया। लेकिन शाह ने जब माला डाली तो माला मूर्ति पर नहीं पहुंच पाई। पर इससे उलट जब येदियुरप्पा ने माला पहनाई तो ठीक तरह से मूर्ति के गले में पहुंची। इस पर अमित शाह मुस्करा भी दिए। वहीं इस दौरान जब शाह को क्रेन से ऊपर ले जाया जा रहा था, तो कभी क्रेन मूर्ति से ऊपर चली गई तो कभी दाएं और बाएं। काफी देर बाद ही क्रेन मूर्ति के बराबर आ पाई। और उसके बाद ही अमित शाह मूर्ति में माला पहना पाए। गौरतलब है कि इससे पहले भी अमित शाह के साथ चुनाव प्रचार के दौरान कई तरह की चूक हो चुकी है। फिर चाहे वो येदियुरप्पा सरकार को सबसे भ्रष्ट सरकार बताना हो या फिर उनके ट्रांसलेटर द्वारा गलत उच्चारण कर देना हो। दरअसल, ट्रांसलेटर ने कहा था कि, ÷प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब, दलित और पिछ?ों के लिए कुछ भी नहीं करेंगे। वो देश को बर्बाद कर देंगे। आप उन्हें वोट दीजिये। आपको बता दें कि ब्रिटेन दौरे पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी बसवेश्वर भगवान को श्रद्धांजलि देंगे। लंदन की टेम्स नदी के पास लिंगायत समुदाय के समाज सुधारक बासवन्ना (उन्हें भगवान बसवेशेश्वर भी कहा जाता है) की मूर्ति पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। ये कार्यक्रम द बसवेशेश्वर फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया जा रहा है। दरअसल कर्नाटक में लिंगायत समुदाय का 17 फीसदी वोट है। बीजेपी का मूल वोटबैंक माना जाता रहा है। लेकिन कांग्रेस ने उन्हें अपने पाले में लाने के लिए उनकी सालों पुरानी अलग धर्म की मांग को मानकर बीजेपी को बैकफुट पर कर दिया था। पीएम मोदी और बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह इसकी भरपाई करने की कोशिशों में लगे हैं।

निस्तारी तालाबों को भरने के लिए कलेक्टर ने खूँटाघाट जलाशय के गेट खोलने के दिए निर्देश

नहर किनारें बसे गाँवों में निस्तारी हेतु नहरों से दिया जायेगा पानी

बिलासपुर, (आरएनएस)। नहर किनारे बसे गाँवों में निस्तारी तालाब भरने हेतु कलेक्टर एवं पदेन अध्यक्ष जिला जल उपयोगिता समिति, बिलासपुर द्वारा निर्देशित किया गया है कि निस्तारी हेतु तालाब भरने के लिए खारंग जलाशय के बांयी तट एवं दांयी तट नहरों में 22 अप्रैल से पानी छोड़ा जाये। कलेक्टर, बिलासपुर के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मस्तूरी एवं बिल्हा को निर्देशित किया गया है कि नहर के किनारे के गाँवों में जहाँ निस्तारी हेतु तालाबों में पानी भरा जाना है, मुनादी कराया जाये तथा यह भी देखा जाए कि नहर के पानी का उपयोग केवल निस्तारी हेतु तालाबों को भरने के लिए हो। यदि कहीं भी पानी को निस्तारी के अलावा अन्य उपयोग करते अथवा अनावश्यक अपव्यय करते पाया जाता है, तो उनके विरूद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जावेगी। जल संसाधन विभाग के मैदानी अमलों को भी निर्देशित किया गया है कि जिन गाँवों में निस्तारी हेतु तालाब भरे जा सकते है उन्हें भरने हेतु पानी दिया जायें तथा सुनिश्चित किया जावें कि किसी भी दशा में निस्तारी के अलावा अन्य प्रयोजन हेतु पानी न दिया जायें और न ही पानी का अपव्यय हो। इस संबंध में नहर से लगे गाँवों के ग्रामीणों से आग्रह किया गया है कि नहर के पानी का दुरूपयोग व अपव्यय रोकने में सहयोग प्रदान करते हुए केवल निस्तारी तालाब भरने हेतु नहर पानी का उपयोग करें।

राज्य के विकास में साहू समाज की सराहनीय भूमिकाः डॉ. रमन सिंह

मुख्यमंत्री ने कर्मा जयंती समारोह को संबोधित किया

रायपुर,(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के विकास में अन्य समाजों की तरह साहू समाज की भी सराहनीय भूमिका है। उन्होंने कहा - साहू समाज छत्तीसगढ़ का शिक्षित और जागरूक समाज है। अपनी मेहनत और प्रतिभा से इस समाज ने सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। मुख्यमंत्री आज जिला मुख्यालय कांकेर के मेलाभाठा मैदान में साहू समाज द्वारा आयोजित कर्मा जयंती महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर समाज के नवनिर्वाचित जिला स्तरीय पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस माह की 14 तारीख को बीजापुर जिले के जांगला गांव से आयुष्मान भारत योजना के प्रथम चरण का शुभारंभ किया। इसके अंतर्गत प्रदेश में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर खोले जाएंगे। इस योजना के दूसरे चरण में देश के लगभग 50 करोड़ लोगों को पांच लाख रूपये तक मुफ्त इलाज की वार्षिक सुविधा मिलेगी। डॉ. रमन सिंह ने कहा- गरीबों को रसोई गैस कनेक्शन देने के लिए संचालित प्रधानमंत्री उज्जवला योजना का विस्तार किया जा रहा है। इस योजना के तहत् प्रदेश के अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के सभी परिवारों को इस योजना के पात्र हितग्राहियों की सूची में शामिल किया जाएगा। स्कूल शिक्षा मंत्री केदार कश्यप ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में पिछड़ा वर्ग के लिए 12 आश्रम-छात्रावास संचालित किए जा रहे हैं। प्रयास विद्यालय में भी पिछड़ा वर्ग के बच्चों के लिए 20 प्रतिशत स्थान रखा गया है।

देश व प्रदेश में हो रहे हिंसक घटनाओं के विरोध में उपवास पर बैठेंगे जिले के कांग्रेसी

जांजगीर-चांपा(आरएनएस)। भारत बंद के दौरान भाजपा शासित राज्यों में हिंसक घटनाओं और निर्दोश लोगों की मौतों पर कांग्रेस ने सरकार को घेरा है। वहीं विरोध में प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में 9 अप्रैल को कांग्रेसजन उपवास पर बैठेंगे। जिला कांग्रेस प्रवक्ता रफीक सिद्धिकी ने बताया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहूल गांधी ने इस दिन जिला मुख्यालय में उपवास रखने का निर्देश दिये। उपवास के जरिये कांग्रेसजन समरस्ता भाई चारा सद्भावना का संदेश देने की कोशिश होगी। भारत बंद के दौरान भाजपा शासित राज्यों में हिंसक घटनाओं पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ने दिनेश शर्मा ने सरकार पर आरोप लगाया है कि इस हिंसक घटना से देश के सामाजिक ताने-बाने को भारी क्षति हुई है। केन्द्र के मोदी सरकार और राज्य के भाजपा सरकार ने हिंसा रोकने में कोई ठोस कदम नहीं उठाया है, इससे जानमाल को क्षति पहुंची है।

बैंक शाखा प्रबंधक ने फर्म के खाते से उड़ाया 12.30 लाख : धोखाधड़ी का मामला दर्ज

क्षेत्रीय प्रबंधक संस्थान ने दर्ज कराई शिकायत

रायपुर, (आरएनएस)। बैंक ऑफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक द्वारा अपने ही शाखा में संचालित एक फर्म के खाते से 12 लाख 30 रूपए रूपए गबन करने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। मामले में बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधन कार्यालय ने गंज थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय बैंक आफ बड़ौदा के प्रार्थी प्रकाश वीर राठी ने कल रात शिकायत दर्ज कराई कि घटना दिनांक 13 जुलाई 2016 को कार्यालयीन समय में बैंक आफ बड़ौदा महावीर गौशाला के पास केके रोड में आरोपी केसी तालुकदार तत्कालीन शाखा प्रबंधक ने अपने ही शाखा में संचालित एक संस्थान के एकाउंट से 12 लाख 30 हजार रूपए गबन कर लिया। मामले में आरोपी तत्कालीन शाखा प्रबंधक केसी तालुकदार ने घटना दिनांक को मेसर्स ओम फाउंडेशन के एकाउंट से 12 लाख 30 हजार रूपए बिना खाता धारक की अनुमति से उसका पासवर्ड उपयोग करते हुए आहित कर लिया तथा अपने खाते में उक्त रकम को समायोजित कर दिया। आरोपी शाखा प्रबंधक ने इस बारे में बैंक के किसी भी कर्मचारी को भनक नहीं लगने दिया। बाद में खातों की जांच और वार्षिक लेखा-जोखा करने पर इस गड़बड़ी का पता चला। मामले में अब क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय की ओर से मामले की शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस ने तत्कालीन शाखा प्रबंधक के खिलाफ अपराध दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

गर्मी में इजाफा होते ही शहर की सड़कें दोपहर में हो रही सुनसान

रायपुर, (आरएनएस)। बदली बारिश के बाद आसमान साफ होते ही मौसम में आए बदलाव के चलते तापमान में इजाफा होना शुरु हो गया है। मंगलवार को तापमान 42 डिग्री पार होते ही शहर में दोपहर में आवाजाही प्रभावित रही। आज अक्षय तृतीया होने के कारण गोलबाजार एवं मालवीय रोड सहित चिकनी मंदिर क्षेत्र में शाम होते ही लोगों की भीड़ से यातायात जाम हो गया। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार बदली बारिश के चलते अप्रैल के प्रथम पखवाड़े में तापमान में उतार-चढ़ाव चलता रहा। आने वाले समय में निम्न दाब क्षेत्र नहीं बनता है तो गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी रिकार्ड तोड़ गर्मी पड़ने की संभावना है।

स्वच्छता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया

धमतरी , (आरएनएस)। ग्राम स्वराज अभियान के तहत स्वच्छ भारत मिशन धमतरी के तत्वावधान में आज सुबह 9.00 बजे जिला पंचायत कार्यालय के सामने दो स्वच्छता रथों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इन रथों को जिला पंचायत की सदस्य श्रीमती श्यामादेवी साहू तथा श्रीमती कविता बाबर ने हरी झण्डी दिखाई। उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार की आठ फ्लैगशिप योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से ग्राम स्वराज अभियान का आयोजन 14 अप्रैल से पांच मई के बीच किया जा रहा है, जिसके तहत स्वच्छता रथ को आज रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हेमंत ठाकुर सहित स्वच्छ भारत मिशन और जिला पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद थे। जिला कार्यक्रम समन्वयक ने बताया कि धमतरी जिला कई माह पहले ही शत-प्रतिशत ओ.डी.एफ घोषित हो चुका है, लेकिन स्वच्छता का स्थायित्व बनाए रखने और आम लोगों को इसके प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से उक्त रथ के माध्यम से स्वच्छता मिशन का प्रचार-प्रसार ग्रामों में भ्रमण कराकर किया जा रहा है।

भर्ती में विलंब, वेतन रोकने के दिये निर्देश

महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक

कोरबा (आरएनएस)। कलेक्टर मो. कैसर अब्दुल हक ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा की। उन्होंने कोरबा शहरी परियोजन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की भर्ती प्रक्रिया लंबे समय से पूर्ण नहीं किये जाने पर नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कोरबा शहरी परियोजना अधिकारी मनोज अग्रवाल का वेतन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका भर्ती प्रक्रिया पूर्ण होने तक रोकने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद प्रकाश किस्पोट्टा को दिए हैं। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर मो. हक ने सभी दस परियोजना-कोरबा शहरी, कोरबा ग्रामीण, कटघोरा, करतला, बरपाली, पाली, हरदीबाजार, पोंड़ीउपरोड़ा, चोटिया, पसान अन्तर्गत रिक्त आंगनबाड़ी, कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की भर्ती प्रक्रिया की अब तक की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी परियोजना अधिकारियों को पारदर्शी तरीके से भर्ती प्रक्रिया मई माह के दूसरे सप्ताह तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने जिले में निर्माणाधीन एवं स्वीकृत आंगनबाड़ी भवन की समीक्षा की। उन्होंने स्वीकृत आंगनबाड़ी भवन का कार्य प्रारंभ नहीं होने और अधूरा निर्माण पर सभी परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने जनपद सीईओ के साथ समन्वय बनाकर कार्य पूर्ण करायें। उन्होंने जर्जर भवन तथा किराये के भवन में संचालित भवन की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने विभाग के सभी अधिकारियों को आंगनबाड़ी केंद्रों के सुचारू संचालन हेतु आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने एवं नियमानुसार कार्य करने के निर्देश दिए। किसी प्रकार की लापरवाही पाये जाने कड़ी कार्यवाही की चेतावनी भी दी। बैठक में महिला बाल विकास अधिकारी आदित्य शर्मा सहित सभी परियोजना अधिकारी उपस्थित थे। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर मो. कैसर अब्दुल हक ने जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद प्रकाश क्रिस्पोट्टा को विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए क्रय किए गये सामग्री की सूची परियोजनावार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होने सूची अनुसार आंगनबाड़ी केंद्रों में सामग्री पहुंची है ।

युवक की हत्या करने वाले पिता-पुत्र गिरफ्तार

रायपुर,(आरएनएस)। महोबाबाजार शराब दुकान के पास मारपीट के दौरान युवक की मौत हो जाने पर सरस्वती नगर पुलिस ने हत्या का अपराध दर्ज कर दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक शिव कुमार नायक पिता लखनलाल नायक 35 वर्ष सरोना बाजार चौक का रहने वाला है। प्रार्थी पेशे से ट्रेक्टर चालक है। बताया जाता है कि 16 अप्रैल के सुबह मृतक महोबाबाजार स्थित शराब दुकान में शराब खरीदने के लिए लाईन पर लगा था। तभी धक्का मुक्की होने पर आरोपी कन्हैया देवार 20 वर्ष अपने पिता शीबू देवार 47 वर्ष के साथ मिलकर शिवनायक से मारपीट किया। इस दौरान गंभीर चोट लगने से शिवनायक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने शीबू देवार को उसी दिन ही गिरफ्तार कर लिया था। वहीं फरार आरोपी कन्हैया देवार को पुलिस ने बीती रात गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपी को धारा धारा 302,34 के तहत जेल भेज दिया है।